






छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26


# जोगीडीपा में निस्तारी तालाब को पाटने का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांव का इकलौता तालाब जो पूरे गांव की निस्तारी

- 70 से 80 की संख्या में ग्रामवासी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, तालाब बचाने लगाई फरियाद

का एकमात्र जरिया रहा। उसे मिट्टी भरकर पाटने का ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया है। सरपंच सियाबाई नंदे के नेतृत्व में लगभग 70 से 80 की संख्या में ग्रामवासी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तालाब को बचाने व तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

## गांव की निस्तारी का जरिया है तालाब, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### जल संकट का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। ऐसे में तालाब का अस्तित्व समाप्त होने से गांव में पेयजल का भारी संकट उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित व्यक्ति निजी स्वार्थ सिद्ध करने के उद्देश्य से सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जा कर रहा है, जिससे भविष्य में निस्तारी की समस्या विकराल हो जाएगी। यह तालाब न केवल ग्रामीणों के लिए, बल्कि बेजुबान मवेशियों के लिए भी एकमात्र सहारा है।



### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

सरपंच सियाबाई नंदे ने कहा कि ग्राम पंचायत की अनदेखी करते हुए की जा रही यह अवैध गतिविधि पूरी तरह से अनुचित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि सार्वजनिक तालाब की भूमि पर हो रहे मिट्टी व मुरुम भराव के कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। तालाब की यथास्थिति बनाए रखी जाए ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते तालाब को पाटने के कार्य पर रोक नहीं लगाई गई, तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि ग्राम जोगीडीपा स्थित खसरा नंबर 131 और 132 की लगभग 2 एकड़ भूमि जहां एक मात्र तालाब है जिसे गांव के पूर्वजों द्वारा दिया गया था। जिसका ग्रामीण निस्तारी तालाब के रूप में उपयोग करते हैं। यह तालाब गांव का एकमात्र जलस्त्रोत है, जो भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीणों की दैनिक आवश्यकताओं और मवेशियों की प्यास बुझाने के काम आता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्वजों के द्वारा दिये गये भूमि को गांव के ही रहने वाले उनके वंशज उत्तराकुमार जाटवर पिता फागुराम जाटवर द्वारा उक्त सार्वजनिक भूमि पर अपना एकाधिकार जमाते हुए वहां मिट्टी और मुरुम डलवाकर तालाब को पाटा जा रहा है।


आवश्यकता है
दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।
लक्ष्मी मेडिकल हॉल
स्टेट बैंक के सामने रायपुर रोड
7278994000
756679444


## विडंबना : शहर के पुराने तालाबों में गंदगी और मलबे का अंबार

# तालाबों की हालत दयनीय : प्रशासनिक उदासीनता से नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कभी शहर की सुंदरता और जल सुरक्षा का आधार रहे ऐतिहासिक तालाब आज अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। शहर के पुराने तालाबों में गंदगी, मलबे का अंबार और चारों ओर बढ़ते अवैध कब्जों ने इनकी स्थिति को अत्यंत दयनीय बना दिया है। समय रहते इन प्राकृतिक जल स्त्रोतों को नहीं बचाया गया, तो आने वाले समय में शहरवासियों को भीषण निस्तार संकट का सामना करना पड़ेगा। मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में लगभग 15 से 20 छोटे-बड़े तालाब मौजूद हैं। हालांकि, आधिकारिक रूप से नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य रूप से 7 से 10 प्रमुख तालाब आते हैं, जिनका उपयोग स्थानीय निस्तारी (रोजमर्रा के उपयोग) के लिए किया जाता है। महामाया तालाब, नगर के मध्य स्थित यह लगभग 6 एकड़ में फैला तालाब नगर का हृदय स्थल माना जाता है। बंधवा तालाब, यह शहर का एक प्रमुख तालाब है। शीतला तालाब, नगर के वार्डों में स्थित यह प्रमुख तालाब भी निस्तारी के मुख्य केंद्रों में शामिल है। अन्य तालाबों में नयापारा वार्ड, इमलीभाठा और महावीर कॉलोनी क्षेत्र के छोटे-बड़े तालाब शामिल है। महासमुंद को तालाबों की नगरी नहीं कहा जाता।



### गंदगी से तालाबों का अस्तित्व खतरे में

शहर के प्रमुख तालाबों की स्थिति चिंताजनक है। तालाबों पर खुलेआम कचरा फेक किया जा रहा है, जिससे न केवल पानी प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में गंभीर दुर्गंध फैलती है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इसके साथ ही, तालाबों की जमीन पर लगातार हो रहे अवैध कब्जों के कारण इनका दायरा सिमटता जा रहा है। जल संरक्षण के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद, धरातल पर इन जलस्रोतों के संरक्षण के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नजर नहीं आ रही है।

### भू-जल स्तर में लगातार गिरावट

तालाब वर्षा जल संचयन के सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक स्रोत होते हैं। तालाबों के पट जाने और क्षेत्रफल घटने के कारण जल ग्रहण की क्षमता कम हो गई है। इसका सीधा असर शहर के भू-जल स्तर पर पड़ा है, जो हर साल तेजी से नीचे जा रहा है। स्थिति यह है कि शहर के कई ट्यूबवेल या तो पूरी तरह बंद हो चुके हैं या बंद होने की कगार पर हैं। प्रशासन का ध्यान शहर के सौंदर्यीकरण पर तो है, लेकिन इन महत्वपूर्ण जल संरचनाओं को बचाने की ओर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। निगम क्षेत्र में ऐसे दर्जनों तालाब हैं जो उचित रखरखाव के अभाव में बदहाल हैं।

लेकिन, छत्तीसगढ़ के जलस्त्रोतों की नीति के अनुसार शहर के भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने में इन तालाबों की बड़ी भूमिका है। स्थानीय निवासी रमेश अग्रवाल ने बताया कि तालाबों में कचरा फेंके जाने के कारण हर समय दुर्गंध बनी रहती है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। वहीं, क्षेत्र की निवासी सुनीता देवी का कहना है कि जल स्तर इतना नीचे गिर गया है कि गर्मियों में निजी बोरवेल पूरी तरह सूख जाते हैं, जिससे उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ता है।

### एनजीटी के निर्देशों का उल्लंघन

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी तालाब या प्राकृतिक जल स्त्रोत को पाटना, उसमें कचरा डालना या अतिक्रमण करना पूरी तरह गैर-कानूनी है। बावजूद इसके, महासमुंद में इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

# मारपीट कर घर से निकाला सास, पति खिलाफ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के नयापारा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में एक महिला और उसकी 12 वर्षीय बेटी के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और जबरन घर से बाहर निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, नयापारा निवासी श्रीमती नसरीन कुरैशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। पारिवारिक विवाद के चलते वह पिछले लगभग छह वर्षों से अपनी 12 वर्षीय बेटी के साथ रहती है। 1 जून को उसकी सास गौसिया कुरैशी, पति राज कुरैशी और अन्य लोग जबरन मकान के एक हिस्से में आकर रहने लगे और लगातार विवाद और प्रताड़ना का माहौल बनाते रहे।

9 जून शाम करीब 4 बजे स्थिति अचानक बिगड़ गई। सास, पति और अन्य लोगों ने एकजुट होकर पीड़िता एवं उसकी मासूम बेटी के साथ अश्लील गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करते हुए धक्का देकर जबरन घर से बाहर निकाल दिया। जिसके बाद पीड़िता ने डायल 112 को सूचना दी और सिटी कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 296, 115(2) एवं 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### रात भर घर के बाहर गुजारी मां बेटी ने रात

घर से निकाले जाने की घटना के बाद मां-बेटी का आसरा छिन गया। रात भर मां बेटी अपने घर में वापस जाने का इंतजार करते रहे लेकिन, स्थानीय पुलिस से भी उन्हें कोई मदद नही मिली और उन्हें अपने ही घर के सामने चबूतरे में रात बितानी पड़ी। बुधवार सुबह पुलिस तो पहुंची लेकिन, आरोपियों की न तो गिरफ्तारी हुई और न ही पीड़ितों को वापस उनका निवास मिल पाया। पीड़िता ने बताया कि बुधवार को मजबूरन उन्हें अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लेनी पड़ी है। उन्होनें आशंका जताई है कि घर में रखे उनके गहने और उनके सामनों को भी नुकसान पहुंचाए जाने का अंदेशा है।

## खबर संक्षेप

### 60 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो युवकों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी कुंदन तांडी पिता मोहन लाल तांडी (22 साल) पैकिन एवं करन चौहान पिता भागबतिया चौहान (21 साल) चकरदा के कब्जे से 60 लीटर महुआ शराब कीमत 12 हजार रुपए और एक काले रंग की बिना नंबर एक्टिवा वाहन कीमत 80 हजार रुपए को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** सागरपाली रोड में एक शोरूम के पास एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 09 जून की रात लगभग 8 बजे दुलारसिंग सिदार अपने मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डान सीजी 06 बी 0499 में बैठकर भंवरपुर से पिलवापाली जा रहा था, सागरपाली रोड साई शोरूम के पास अपने मोटर सायकल को लापरवाहीपूर्वक चालते हुए उसने ग्राम बरतियाभाटा की रहने वाली इंदु पटेल को ठोकर मारकर रोड एक्सीडेंट कर दिया, साथ ही स्वयं भी गिर गया। गिरने से दुलारसिंग को चोटें आई, जिसे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पर बसना थाने में धारा 281,125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर किया गया है।



### पोकलेन ऑपरेटर के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पोकलेन ऑपरेटर के साथ मारपीट करने के मामले में तुमगांव थाने में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में ललित साहू के यहां पोकलेन ऑपरेटर का काम करता है। 09 जून की रात 9.30 बजे चंदन देवदास के साथ झम्मन दुकान के पास खड़ा था, तभी ग्राम अछोली के सूरज साहू और अश्वनी उर्फ बबलू बंजारे उसके पास आये और पूछने लगे कि कहां काम करता है। इस पर उसने बताया कि ललित साहू के यहां पोकलेन ऑपरेटर का काम करता हूं। इस वे लोग कहने लगे कि दूसरे गांव का आदमी हमारे गांव में ललित के यहां क्यों काम कर रहा है। साथ ही गाली गलौज कर मारपीट करने लगे और जाते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मानसून की बेरुखी और उमस भरी गर्मी से जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिछले एक सप्ताह से जिले में मौसम का मिजाज काफी अजीब बना हुआ है। आसमान में बादल छाए रहते हैं और रुक-रुककर हल्की बारिश भी हो रही है, लेकिन यह बारिश लोगों को गर्मी से राहत देने के बजाय मुसीबत का कारण बन गई है। जिले के कई हिस्सों में हुई हल्की बारिश के बाद वातावरण में नमी का स्तर काफी बढ़ गया है। बारिश रुकते ही तेज उमस महसूस होने लगती है, जिससे लोगों का हाल बेहाल है। दिन में तो गर्मी रहती ही है, लेकिन रात का समय और भी कष्टकारी हो गया है। उमस के कारण घरों के अंदर रहना मुश्किल हो रहा है, जिससे लोग देर रात तक घरों के बाहर समय बिताने को मजबूर हैं। इस परेशानी में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने लोगों के लिए और भी मुसीबत बन रहा हैं। रात के समय बिजली गुल होने से लोगों की रातें बेचैनी में गुजर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी खराब हैं, जहां बिजली की कटौती का असर अधिक देखने को मिल रहा है और लोग बिजली आने का घंटों इंतजार करते रहते हैं।

### किसानों की चिंता बढ़ी

मानसून में हो रही देरी का सीधा असर खेती-किसानी पर पड़ा है। जिले के किसानों ने खरीफ सीजन के लिए खेतों की जुताई और अन्य जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लेकिन पर्याप्त बारिश न होने के कारण वे बोआई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। किसानों के सामने यह धर्मसंकट है कि यदि वे अभी बीज डाल देते हैं और बारिश नहीं हुई, तो बीज खराब हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में उन्हें दोबारा बोआई करनी पड़ेगी, जिससे उनकी लागत काफी बढ़ जाएगी। यही कारण है कि किसान अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### मौसम विभाग से राहत की उम्मीद

तमाम मुश्किलों के बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही जिले में अच्छी बारिश होगी, जिससे न केवल लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी, बल्कि खेती-किसानी का काम भी तेजी से शुरू हो सकेगा।

# नीट पर कलेक्टर ने ली केंद्राध्यक्षों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा

- परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई

(एनईईटी-2026) का आयोजन आगामी 21 जून 2026 को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर पारदर्शी और शांतिपूर्ण परीक्षा के आयोजन के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में परीक्षा के सफल संचालन के लिए जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप अक्षरशः पालन करना होगा। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था करने तथा यातायात व्यवस्था के लिए निर्देश दिए।





परीक्षा के समन्वयक संजय कंसल ने बताया कि जिले के पांच केंद्रों में कुल 1242 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी कक्षों में सीसीटीव कैमरा लगाए जाएंगे। अभ्यर्थी को 1:30 बजे के पश्चात प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। यह परीक्षा सवा 3 घंटे की होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सामान्य निर्देश भी दिए गए। साथ ही कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के सतत निरीक्षण के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केंद्र शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज मचेवा में तहसीलदार नितिन ठाकुर, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बरोंडाबाजार में तहसीलदार ममता ठाकुर, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय नेहरू चौक में तहसीलदार हरिशकांत ध्रुव तथा शासकीय माता कर्मा महाविद्यालय मचेवा में तहसीलदार भवानी शंकर साव को कार्यपालिक दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। सभी नियुक्त कार्यपालिक दंडाधिकारी परीक्षा दिवस पर प्रातः 09 बजे से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों में उपस्थित रहेंगे तथा परीक्षा की समस्त व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे। साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक समन्वय एवं कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## ग्राम पंचायत भोकलूडीह के ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन में

# तालाब गहरीकरण व पेंशन के लिए ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भोकलूडीह के ग्रामीण और सेवानिवृत्त वनपाल ने समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर जिला प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने दो अलग-अलग समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करने का आग्रह किया है।

ग्राम भोकलूडीह के निवासियों और गुलाबी स्व-सहायता समूह ने जनदर्शन में एक संयुक्त आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में वन विभाग का एक पुराना तालाब स्थित है, जो पूरे गांव के लिए जल का प्रमुख स्त्रोत है। पिछले कुछ वर्षों में तालाब में भारी मात्रा में मिट्टी और कीचड़ जमा हो गया है, जिससे इसकी गहराई और जल संग्रहण क्षमता कम हो गई है।



ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की स्थिति खराब होने के कारण गर्मी शुरू होते ही यह पूरी तरह सूख जाता है। इससे मवेशियों के पीने के पानी और अन्य दैनिक कार्यों के लिए ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ता है। साथ ही, तालाब में पानी न रुकने के कारण आसपास के क्षेत्र का भूजल स्तर भी नीचे गिर गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि आने वाले मानसून को देखते हुए तालाब का गहरीकरण करवाया जाए, ताकि इसमें पर्याप्त पानी जमा हो सके और गांव में पेयजल की समस्या हल हो सके।

### सेवानिवृत्त वनपाल ने पेंशन के लिए की अपील

जनदर्शन में ग्राम भोकलूडीह निवासी राजकुमार साहू भी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे वन विभाग में वनपाल के पद पर बम्हनी बीट में पदस्थ थे और जुलाई 2023 में सेवानिवृत्त हुए हैं। राजकुमार साहू का आरोप है कि सेवानिवृत्ति के तीन साल बीत जाने के बाद भी उन्हें अब तक कर्मचारी पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने वन विभाग में कई बार आवेदन दिए हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। पेंशन न मिलने के कारण वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और पेंशन न मिलने के कारण वे अपना उचित इलाज कराने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें जल्द से जल्द पेंशन का लाभ दिलाया जाए।

# दुष्कर्म मामले में कथावाचक नरेंद्र नयन गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा थाना क्षेत्र में कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सिलियारी आश्रम के संचालक व कथावाचक पंडित नरेंद्र नयन शास्त्री को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 6 जून को एक युवती ने बागबाहरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि आंखों की बीमारी के उपचार के सिलसिले में उसका संपर्क बाबा से हुआ। शिकायत में बताया कि बाबा ने उसे ठीक करने का भरोसा दिलाया और बाद में विवाह का आश्वासन देकर कई बार शोषण किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में भागवत कथा के दौरान उसकी मुलाकात बाबा से हुई थी। कथा के दौरान प्रसाद खाने के बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद बाबा लगातार उसके संपर्क में रहा और शादी का वादा कर उसका शोषण करता रहा। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने उसकी कुंडली में दो विवाह होने की बात कहकर उसे अपने प्रभाव में बनाए रखा।

युवती की शिकायत के आधार पर बागबाहरा पुलिस ने धारा 376(2), 376 (2) (आई), 396 (2) (एन) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**खबर संक्षेप**

## दैनिक श्रमिकों की बैठक में ईपीएफ सहित मूलभूत श्रमिक अधिकारों की मांग



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित शहीद उद्यान में मंगलवार को सर्व विभागीय दैनिक श्रमिक कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में उद्यानिकी विभाग के दैनिक श्रमिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उद्यानिकी विभाग के 15-20 वर्षों से कार्यरत दैनिक श्रमिकों ने बड़ी संख्या में संगठन की सदस्यता ग्रहण करते हुए अपने श्रम अधिकारों की लड़ाई को संगठित रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रमिकों ने बताया कि वर्षों से विभाग में निरंतर सेवा देने के बावजूद उन्हें कर्मचारी भविष्यनिधि (ईपीएफ), श्रम सम्मान राशि, साप्ताहिक अवकाश, प्रस्तुति अवकाश, अनुकम्पा सहायता तथा अन्य वैधानिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। संगठन ने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि लोक निर्माण विभाग में चल रही ईपीएफ कार्यवाही के अनुरूप उद्यानिकी विभाग सहित समस्त विभागों के पात्र दैनिक श्रमिकों को भी शीघ्र ईपीएफ का लाभ प्रदान किया जाए।

## शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि आज

रायपुर। लभांडी स्थित राधेश्याम भवन में 11 जून को सुबह 9 बजे शहीद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. पं. विद्याचरण



शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इसी दौरान सुबह 11 बजे पं. विद्याचरण शुक्ल उद्यान, नगर पालिक निगम मुख्यालय रायपुर के सामने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जाएगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संरक्षक, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के सचिव व प्रवक्ता नितिन कुमार झा ने बताया कि छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा समस्त शुक्ल समर्थक श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## साहू समाज के सदस्यों ने प्रदेशभर में किया पौधारोपण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू के प्रदेशव्यापी पौधारोपण अभियान के आव्हान पर गत दिनों आईटी सेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों द्वारा पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश देते हुए समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू, राष्ट्रीय युवा सचिव मनीष कुमार साहू, सुखुराम साहू, सेवन साहू, मुन्ना साहू, भीष्म साहू, ओम साहू, नीतीश साहू, शिव साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# हमर लैब बना अटल आरोग्य लैब, आउटसोर्सिंग के बाद सरकारी टेक्निशियन हुए बेकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अस्पताल पंडरी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित हमर लैब का नामकरण अटल आरोग्य लैब करने के साथ उसकी आउटसोर्सिंग कर दी गई है। यहां जांच से लेकर रिपोर्ट तैयार करने का जिम्मा अनुबंधित एचएलएल हेल्थ केयर लिमिटेड को दिया गया है। प्राइवेट एजेंसी की एंट्री के बाद हमर लैब के टेक्निशियन बेकार हो गए हैं। निचले स्तर के हेल्थ सेंटरों में इनकी पोस्टिंग कर सुविधा में सुधार का विचार किया जा रहा है।

जिला अस्पताल पंडरी के माध्यम वर्ष 2021-22 में हमर लैब की शुरुआत की गई थी। यहां मरीजों को किफायती दरों में पैथोलॉजी संबंधी टेस्ट करने की सुविधा दी गई थी। इसके अलावा विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से सैंपल जांच के लिए यहां भेजे जाते हैं। समय-समय पर किट संबंधी दिक्कतों की वजह से चिकित्सा महाविद्यालयों से आने वाले सैंपलों की जांच के लिए यहां भेजे गए थे। हमर लैब का संचालन शासकीय स्तर पर किया जा रहा था और यहां के विशेषज्ञ से लेकर लैब टेक्निशियन शासकीय कर्मचारी थे। सुविधाओं को और विस्तार में अप्रैल में रायपुर समेत तमाम जिलों के हमर लैब के संचालन के लिए एचएलएल हेल्थकेयर नामक कंपनी से अनुबंध किया गया। इस दौरान हमर लैब को नाम बदलकर अटल आरोग्य लैब कर दिया गया। अनुबंध के अनुसार संबंधित कंपनी ने अपने विशेषज्ञ और लैब टेक्निशियनों की मदद से जांच शुरू की।

**संचालन के लिए एचएलएल हेल्थ केयर से करार, पहले विभागीय स्टाफ करता था काम**

### इन स्वास्थ्य केंद्रों में है जरूरत

- हेल्थ सेंटर वर्तमान में पदस्थ
- शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुर्वेद कालेज परिसर) में 1 लैब टेक्निशियन
- मोवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 लैब टेक्नशियन
- मंदिर हसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी टेक्निशियन नहीं
- भानसोज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी सैंपलों की जांच करने वाले शून्य
- आमासिवनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 लैब टेक्निशियन कार्यरत



### सरकारी सिस्टम में कमियां

हमर लैब का संचालन जब शासकीय स्तर पर किया जा रहा था, तो विभिन्न तरह की कमियां सामने आ रही थीं। नियमित रूप के किट की सप्लाई नहीं होने की वजह से कई महत्वपूर्ण जांच पूरी नहीं हो पा रही थी। ऐसे में मरीजों को अपनी जांच के लिए प्रायवेट अथवा बड़े अस्पतालों में भटकना पड़ता था। कुछ साल पहले हुए रीएजेंट घोटाला का सर्वाधिक असर हमर अस्पताल में होने वाली जांच पर पड़ा था।

## पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने विभिन्न बैंकों के नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

# साइबर ठगी पर अंकुश लगाने बैंक भी निभा सकते हैं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगी पर अंकुश लगाने में बैंक भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए बैंकों को भी सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने मंगलवार को यातायात दफ्तर के सभाकक्ष में सभी बैंकों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कमिश्नर ने कहा कि साइबर सहित अन्य ठगी को रोकने के लिए बैंकों को भी अब अपने स्तर पर सतर्क रहकर कार्य करने की जरूरत है। बैंक में खाता खुलवाने वाले लोगों एवं उनके मोबाइल का सत्यापन से लेकर संदिग्ध लेनदेन, डिमांड ड्राफ्ट के सत्यापन के बाद ट्रांसफर की अनुमति सहित अन्य कई कार्य हैं, जिनमें थोड़ी सी सतर्कता बरतने पर किसी व्यक्ति या संस्था को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सकता है।



### 12 बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर बैंक में आने वाले प्रार्थियों को अन्य स्थानों पर भेजने के बजाए टोल-फ्री नंबर 1930 पर कॉल करने या फिर साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए बैंक परिसर में साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 का प्रचार-प्रसार एवं प्रदर्शन किया जाए। बैंक में नया खाता खोलने आने वाले आवेदकों का भौतिक सत्यापन किया जाए। इसके लिए मोबाइल कॉल या संदेश के माध्यम से पंजीकृत मोबाइल नंबर का सत्यापन किया जाए। कॉर्पोरेट खाता खोलते समय आवश्यक सत्यापन किया जाए तथा 15 दिनों के बाद पुनः दिए गए पते पर जाकर सत्यापन किया जाए। बैंक परिसर में प्रवेश द्वार तथा पिछले हिस्से में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध लेन-देन की आशंका होने पर तत्काल कार्यवाही करें तथा इसकी सूचना पुलिस को दें। डिमांड ड्राफ्ट का सत्यापन करने के उपरांत ही राशि का ट्रांसफर की अनुमति दी जाए। बैंक खाता गारंटर के बिना नहीं खोला जाए। वितरित राशि का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार राशि होल्ड करते हुए बैंक खाते को सक्रिय रखने पर भी चर्चा हुई। बैंक में विधिक (लीगल) कार्यों के लिए एक अधिकारी नामित करने तथा लीगल विभाग के लिए एक स्थायी मोबाइल नंबर जारी करने के निर्देश दिए गए है, जिससे अधिकारी के स्थानांतरण की स्थिति में कार्य प्रभावित न हो। बैंक में बार-बार खाते खुलवाने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी जानकारी पुलिस को देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पुलिस द्वारा भी जानकारी मांगी जाती है, उसे तत्काल उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है, ताकि प्रकरणों की अग्रिम विवेचना एवं कार्यवाही में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### नवीन कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा

बैठक में बैंक अधिकारियों को पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नवीन कार्ययोजना तैयार करने, ठगी सहित अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान करने, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा पीड़ितों की राशि यथाशीघ्र वापस कराने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले, पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) गौरव मंडल, अनुज कुमार सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम एवं साइबर) संजय सिंह, नरेश पटेल उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बैंकों के लगभग 50 नोडल अधिकारी शामिल रहे।

**इसके बगैर आवेदन भी नहीं**

# ऑनलाइन एजूकेशन के लिए आईडी होगी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में सत्र जुलाई 2026 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू के आधिकारिक पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए कोई भी अधिकतम आयु सीमा नहीं है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपने घर से ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू के अनुसार अभ्यर्थी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

- जुलाई सत्र के लिए आवेदन प्रारंभ कर चुका है इग्नू
- 15 जुलाई तक फॉर्म भर सकते हैं विद्यार्थी, कई निशुल्क पाठ्यक्रम भी

### यह है डीईबी आईडी

डिस्टेंस एजूकेशन ब्यूरो आईडी अर्थात डीईबी आईडी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारत में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए शुरू की गई एक विशिष्ट डिजिटल पहचान है। इसे लागू करने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र केवल मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों और वैध पाठ्यक्रमों में ही प्रवेश लें, जिससे फर्जी नामांकन पर रोक लग सके। डीईबी आईडी बनाने के लिए अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट आईडी होना आवश्यक है।

### डिजीलॉकर के जरिए निर्माण

*विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार, ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग अथवा किसी भी प्रकार के ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए डीईबी आईडी बनाना अनिवार्य है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोड़कर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है। विद्यार्थी यूजीसी-डीईबी वेब पोर्टल पर जाएं और अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी का उपयोग करके डीईबी-आईडी जनरेट करें। यदि आपके पास एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी नहीं है, तो आप डिजीलॉकर के माध्यम से बना सकते हैं।*

## उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम परीक्षा में शामिल करने मांग रहे अतिरिक्त राशि

**रायपुर।** बीएड छात्रों से अतिरिक्त पैसे लिए जाने संबंधित मामले को लेकर छात्रों ने मंगलवार को रावतपुरा सरकार विवि का घेराव किया। छात्रों ने आरोप लगाया है कि विवि द्वारा संचालित ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम एवं बीएड में अध्ययनरत विद्यार्थियों से अवैध वसूली की जा रही है। श्री रावतपुरा सरकार विवि द्वारा विगत कई वर्षों से ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जबकि संबंधित पाठ्यक्रम की मान्यता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं वर्षों से अपने रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त करने के लिए भटक रहे हैं।



एनएसयूआई ने कहा, इस संबंध में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा 59 विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन प्रदान करने का आदेश भी दिया जा चुका है।

### विवि नियामक आयोग से जांच की मांग

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, विश्वविद्यालय में बीएड के ऐसे छात्र-छात्राओं, जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है, उन्हें परीक्षा में शामिल करने के नाम पर लगभग 60 हजार रूपए तक की भारी राशि वसूली जा रही है। एनएसयूआई ने राज्य शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं संबंधित नियामक संस्थाओं से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा प्रभावित विद्यार्थियों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। एनएसयूआई के ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालयीन छात्र भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# 113 करोड़ से दमकेगा खारुन रीवर फ्रंट, महादेवघाट बनेगा भव्य शिवधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीवनदायिनी खारुन नदी तट और ऐतिहासिक महादेवघाट का कायाकल्प उसके विकास तथा सौंदर्यीकरण के लिए तीन विभागों को जिम्मा मिला है, जिसमें 113 करोड़ रुपए की योजना पर जल्द काम शुरू होगा। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में नगर निगम के नए आयुक्त संबित मिश्रा की मौजूदगी में लोक निर्माण, नगर निगम और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इस कार्ययोजना का खाका तैयार किया गया। इस मौके पर राजेश मूणत ने इस कार्य योजना का ले-आउट देखकर कहा कि प्रत्येक विभाग आपस में समन्वय कर ले, ताकि कार्यो का दोहराव न हो। उन्होंने ये भी कहा कि मां खारुन रायपुर की जीवनदायिनी नदी है और महादेवघाट भगवान शिव का स्थान, इसलिए यहां विकास और सौंदर्यीकरण कार्य ऐसा अनुपम और सुंदर रूप से कराया जाए, जिससे यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं को अद्भुत अनुभूति हो।



### तीन विभागों के समन्वय से तैयार हुई कार्ययोजना

*इस वृहद योजना के तहत तीन अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसमें नगर निगम रायपुर महादेवघाट पर आकर्षक फसाड, भव्य एंट्री गेट, मंदिर का स्वागत द्वार बनवाएगा। इसके साथ ही बैरिकेडिंग, दुकानों की एकरूपता, विशाल शिवलिंग, भगवान भोलेनाथ की विशाल मूर्ति, लैंड स्कैपिंग और पेवर लगाने का कार्य करेगा। लोक निर्माण विभाग नदी के किनारे मजबूत रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराएगा, घाट की सीढ़ियां यानी स्लोपिंग स्टेप्स और आधुनिक विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगा। जल संसाधन विभाग नदी के प्रवाह और तट की सुरक्षा से जुड़े तकनीकि कार्यो को कराएगा। इस महत्वपूर्ण योजना में लोक निर्माण विभाग 84.15 करोड़ की लागत से खारुन रिवर फ्रंट के निर्माण विकास और सौंदर्यीकरण, रायपुर नगर निगम द्वारा 18.86 करोड़ की लागत से महादेवघाट जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर किया जा चुका है। जल संसाधन विभाग 10 करोड़ के अन्य कार्य करेगा।*

## योग आयोग को आयुष विभाग में समायोजित करने सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा योग आयोग को समाज कल्याण विभाग से पृथक कर आयुष विभाग में समायोजित करने के निर्णय का योग जगत, योग आयोग से जुड़े पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। योग से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री तथा राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस निर्णय से प्रदेश में योग गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा आयुष विभाग के माध्यम से योग के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य किए जा सकेंगे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ योग आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का कुछ दिनों पूर्व ही आकस्मिक निधन हुआ है। यह समायोजन उनका सपना था, ऐसा कहा जा रहा है और इस पर्यन्त उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर समायोजन के लिए निवेदन भी किया था। इस निर्णय को समस्त योग साधकों, योग प्रशिक्षकों एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा योग परिवार के सदस्यों ने स्व. रूपनारायण सिन्हा के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# कंकाली तालाब की सुंदरता पर ग्रहण काई जमी, पूजन सामग्री-कूड़ा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित ब्राम्हणपारा वार्ड के ऐतिहासिक कंकाली तालाब की सुंदरता को ग्रहण लग गया है। तालाब की एक अरसे से सफाई नहीं होने और पूजन सामग्री को तालाब में विसर्जित करने के कारण तालाब में कूड़ा करकट के साथ पूजन सामग्री तैरने लगी है।

इस ओर न तो नगर निगम के स्वच्छता विभाग का ध्यान जा रहा है, न ही जोन स्तर के अधिकारी तालाब की सफाई की निगरानी कर रहे, जबकि रायपुर शहर की स्वच्छता का आकलन करने इन दिनों दिल्ली से केंद्रीय टीम इस समय शहर में है। केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर यह टीम लोगों से शहर की सफाई को लेकर फीडबैक भी ले रही है।



### स्वच्छता सर्वेक्षण में कराई सफाई

कंकाली तालाब की रूटीन में सफाई करवाते हैं, हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण के सिलसिले में सफाई करवाई थी। कुछ लोग तालाब में पूजा सामग्री डाल देते हैं, उसे निकालने के लिए सफाई कर्मचारी लगाएंगे।

डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कमिश्नर, जोन क्रमांक 4

### तीन साल पहले हुआ था तालाब का व्यापक सौंदर्यीकरण

*पूववर्ती कांग्रेस शासन काल में शहर के 650 साल पुराने ऐतिहासिक और प्राचीन कंकाली तालाब का भव्य सौंदर्यीकरण कार्य अप्रैल 2023 में कराया गया था। पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में इस ऐतिहासिक धरोहर को सहेजने के लिए करीबन 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर तालाब के चारों ओर करीबन 350 वर्गमीटर हिस्से में धौलपुर के रेड स्टोन लगाए गए। इसके सौंदर्य को बढ़ाने के लिए तालाब के 28 बड़े स्तंभों पर आकर्षक लाइटिंग लगाई गई और करीबन 400 मीटर क दायरे में स्टेनलेस स्टील की रेलिंग भी लगाई गई। इसके अलावा घाटों की मरम्मतऔर सीढ़ियों की पेंटिंग कराई गई थी। कंकाली तालाब अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस तालाब में स्नान करने से चर्म रोग ठीक होते हैं। ऐतिहासिक तालाब में डूबे शिव मंदिर व कंकाली माता मंदिर के कारण यह रायपुर की प्राचीन धरोहरों में बेहद खास स्थान रखता है। तालाब के कुछ कोनों पर कचरा और डिस्पोजल की सामग्री जमा होना एक बड़ी समस्या रही है।*

**9 जून 2025 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए कोंटा सुकमा में हुए थे शहीद**

# शहीद आकाश राव गिरपुंजे की प्रथम पुण्यतिथि पर लाखेनगर चौक पर हुई श्रद्धांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे की प्रथम पुण्यतिथि पर लाखेनगर चौक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिकों जन प्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। 9 जून 2025 को मातृभूमि की रक्षा करते हुए कोंटा-सुकमा में सर्वस्व बलिदान देने वाले शहीद आकाश राव गिरेपुंजे की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर लाखेनगर चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल,

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे को किया नमन



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष अखिलेश कश्यप, एमआईसी सदस्य सुमन -अशोक पांडे, दीपक जयसवाल, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे तथा नगर निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शहीद के सहयोगी मित्रों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद आकाश राव गिरेपुंजे के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद आकाश राव गिरेपुंजे का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर शहीद की पावन स्मृति को नमन किया तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**



## बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** बाइक में पेट्रोल भराकर वापस आ रहे एक व्यक्ति को बस ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बोंदा निवासी अभिषेक मांझी ने बताया कि 09 जून को उसके पिता दुखू राम मांझी अपनी टीवीएस सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 5029 में पेट्रोल भरवाकर वापस आ रहे थे। गांव के अलेख बाघ के खेत के पास लगभग 7:30 बजे से 08 बजे के मध्य सारंगढ़ रोड की ओर से आ रही पीले रंग की बस क्रमांक सीजी 06 जीजेड 8882 को उसके द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके पिता की मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके पिता दुखू राम मांझी के सिर, दोनों पैर के घुटने, बाएं पसली, दोनों हाथ एवं पैर में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने संयुक्त टीम ने किया चिन्हित ब्लैकस्पॉट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में आज परिवहन विभाग, नेशनल हाईवे, यातायात पुलिस एवं एनएचएआई की संयुक्त



टीम द्वारा जिले में चिन्हित ब्लैकस्पॉट्स का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटनाओं के कारणों, सड़क की भौतिक स्थिति, संकेतकों की उपलब्धता, दृश्यता संबंधी समस्याओं एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। संयुक्त दल द्वारा ब्लैकस्पॉट्स के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपायों की पहचान करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक संकेतक, चेतावनी बोर्ड, रंबल स्ट्रिप, सड़क मरम्मत एवं अन्य सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने कहा गया।

# जनपद सीईओ ने की योजनाओं की समीक्षा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी द्वारा ग्राम पंचायत झलप क्लस्टर अंतर्गत पंचायतों के सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विकास एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत नियोजित श्रमिकों की स्थिति, प्रगतिरत निर्माण कार्यों की प्रगति तथा श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर शीघ्र पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य एवं समय-सीमा के अनुरूप कार्यों को पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, मैदानी भ्रमण बढ़ाने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों एवं आवास मित्रों को शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित एवं प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

# भगवान बिरसा मुंडा को बलिदान दिवस पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम कुरुभांटा में आदिवासी समाज ने जननायक महान स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा व भगवान बिरसा मुंडा को बलिदान दिवस पर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने उनके योगदान पर प्रकाश डाला कि किस विकट परिस्थिति में उन्होंने अकेले अंग्रेजों से लोहा लिया।

मात्र 20 वर्ष की आयु में जल, जंगल, जमीन के लिए आदिवासियों को संगठित किया। साथ ही ईसाई मशीनरी के खिलाफ



जागरुकता अभियान भी चलाया, जिसके चलते उन्हें अंग्रेजों ने उन्हें कैद कर दिया। इस दौरान रांची जेल में उनकी संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई, तब उनकी आयु 25 वर्ष थी। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, सरपंच रूपलाल पटेल, ढांक सरपंच देवा नायक, विधायक प्रतिनिधि कुलजीत सलूजा, डुमरपाली सरपंच यमुना ठाकुर, सोसायटी अध्यक्ष उदयराम ध्रुव, ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष डेरहा सिंह ध्रुव, भोजराम ध्रुव, भरत ध्रुव, तिलक ध्रुव, संतोष ध्रुव, नेतराम ध्रुव, गुमान कमार, अनिल ध्रुव, मिलाप दीवान, मोहन ध्रुव, तुलाराम ध्रुव, होरीलाल ध्रुव, कन्हैया दीवान, देवेश ध्रुव समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## स्वनिधि महोत्सव का अधिक से अधिक लाभ लें पथ विक्रेता : पालिका

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा 12 से 16 जून 2026 तक



आयोजित किए जा रहे स्वनिधि महोत्सव के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर के सभी पथ विक्रेताओं एवं रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं को स्वरोजगार को सशक्त बनाने के लिए ऋण, डिजिटल लेनदेन प्रोत्साहन, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वनिधि महोत्सव के दौरान हितग्राहियों को योजना संबंधी जानकारी, आवेदन प्रक्रिया, ऋण स्वीकृति, डिजिटल भुगतान प्रशिक्षण एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान पात्र पथ विक्रेताओं का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। पालिका अध्यक्ष ने नगर के सभी पथ विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे निर्धारित तिथियों में नगर पालिका परिसर पहुंचकर स्वनिधि महोत्सव में भाग लें तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण एवं जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भाजपाइयों ने की गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्षों के कार्यकाल पूर्ण होने पर बरोंडा चौक स्थित गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र सेवा के लिए निरंतर ऊर्जा प्रदान करने की कामना की।

कार्यक्रम के पश्चात भाजपा शहर मंडल महासमुंद द्वारा प्रगति पत्र पदयात्रा के अंतर्गत महासमुंद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में हुए विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा अधोसंरचना विकास का अवलोकन किया गया। भाजपा के वरिष्ठजनों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति



तथा वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। प्रगति पत्र पदयात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाना तथा पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों से नागरिकों को अवगत कराना है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ विमल चोपड़ा, बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट एवं गाइड के मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री थान सिंह दीवान, भाजपा वरिष्ठ नेता संदीप दीवान, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद राठी, उत्तर प्रहरे, पवन पटेल, मनीष बंसल, मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, एमआर विश्वनाथन, अरविंद प्रहरे, झनक लाल साहू, राजू चंद्राकर, पार्षद शुभ्रा शर्मा, पीयूष साहू, भारती चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, कल्पना सूर्यवंशी, आनंद साहू, अमन वर्मा, हनीश बग्गा, भगवती करकसे, दुर्गा सर्वा, मैना कोसले, सोनाधार सोनवानी, खिलावन यादव, अभिषेक पांडे, मधु यादव, सारिका यादव, हरीश दीपक राव आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर विधायक ने बकला बाबा मंदिर में की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष होने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम भोरिंग स्थित बकला बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। पश्चात उन्होंने मंदिर परिसर में ही आमजनों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के समक्ष अपनी मांग एवं समस्याओं को रखा। विधायक ने आए हुए ग्रामीणों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी बातों को सुना। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए निराकरण के पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष तेजेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेतागण मोती साहू, धर्मेंद्र महोबिया, किरण ढीढी, राधेश्याम साहू, पार्वती साहू, ओसराम ढीढी, पोखन ढीढी, चैनू साहू, अन्य नेतागण पप्पू पटेल, शरद मराठा, रामेश्वर पटवा, वरिष्ठ नागरिक डॉ. उदयराम साहू, डॉ. रेखराम साहू, जनपद सदस्य प्रियंका लवेश ढीढी, भोरिंग सरपंच लीला लोकेश्वर साहू, पूर्व सरपंच देवनाथ साहू, अछोला सरपंच संतोष साहू, उपसरपंच विश्वनाथ रैला, बेलटुकरी सरपंच लंकेश चतुर्वेदी, अछोली उपसरपंच संतराम साहू सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मछुआरा संघ के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों का हुआ शपथ ग्रहण



**सरायपाली।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ का 90 विधानसभा के अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय मछुआरा संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के महिला विंग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मछुआरा संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम रायपुर में बड़े ही धूमधाम के साथ राष्ट्रीय मछुआरा संघ के बैनर तले संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के मछुआरों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूरे मछुआरा समाज के लोग सम्मिलित हुए छत्तीसगढ़ मछुआरा समाज के जाति कहरा, कहार, केंवट, ढीमर, मांझी सभी अपने अपने विधानसभा के अध्यक्षों के साथ वृहद संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा, पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति, बाबूराम निषाद राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश, नंदकुमार शिवदीकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मछुआरा संघ, डॉ राज भूषण चौधरी केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री भारत सरकार मौजूद रहे।

# नहीं जुड़ेंगे ओवर अटेम्प के अंक जिस उत्तर में अधिक नंबर वही मान्य

### अंकसूची में अंकों की गिनती को लेकर असमंजस में थे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा पश्चात कई छात्र आंसरशीट में अंकों की गिनती को लेकर असमंजस में थे। छात्रों की शिकायत थी कि उन्होंने कॉपी में सवाल दर सवाल जो नंबर जोड़े थे, उनका जोड़ बोर्ड की तरफ से दिए गए अंकों से मेल नहीं खा रहा था। कैलकुलेशन शीट और फाइनल मार्कशीट के नंबरों में आ रहे अंतर ने चिंता बढ़ा दी थी। इसी भ्रम और शिकायतों को दूर करने के लिए सीबीएसई बोर्ड ने स्पष्टीकरण जारी कर मार्किंग का फॉर्मूला समझाया है।



सीबीएसई बोर्ड ने साफ किया है कि यह अंतर किसी गड़बड़ी की वजह से नहीं, बल्कि 'ओवर अटेम्प्ट' से जुड़े एक खास नियम के कारण दिख रहा है। दरअसल, सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रश्नों के अंदर कई आंतरिक विकल्प दिए जाते हैं।

**विशेष चिन्ह**

सीबीएसई बोर्ड ने स्टूडेंट्स को समझाने के लिए बताया कि आंसरशीट के मूल्यांकन के बाद जिन प्रश्नों के अंकों को 'ओवर अटेम्प्ट' होने के कारण फाइनल रिजल्ट में शामिल नहीं किया गया है, कंप्यूटर सिस्टम उन्हें स्टार मार्क के साथ दिखाता है। इसका मतलब है कि उस सवाल को जांचा तो गया है, लेकिन कम नंबर होने के कारण उसे फाइनल स्कोरिंग में जगह नहीं मिली है। बोर्ड ने इसका एक पूरा उदाहरण भी अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी नोटिस में साझा किया है।

**नए सिरे से तैयार होंगे परिणाम**

यदि छात्र अपनी आंसरशीट में किसी अन्य विसंगति से असंतुष्ट हैं तो उनके लिए पुनर्मूल्यांकन और वेरिफिकेशन के लिए 6 जून तक पोर्टल खोला गया था। जिन छात्रों ने इसके लिए आवेदन किए थे, अब सीबीएसई उनकी उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः जांच करेगी। इसके बाद छात्रों के परीक्षा परिणाम पुनः तैयार किए जाएंगे। गौरतलब है कि सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे थे।

## एक्सीडेंट में मौत, ट्रक चालक पर एफआईआर

**रायपुर।** फुंडहर चौक एक्सप्रेस-वे रोड पर 16 फरवरी को अज्ञात ट्रक की टक्कर से घायल हुए गजानंद जाल की इलाज के दौरान आंबेडकर अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले की जांच के बाद राजेंद्र नगर पुलिस ने अब अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106-1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## चाकू लेकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना कोटा स्थित बिजली ऑफिस के पास देवेंद्र निर्मलकर निवासी कृष्णा नगर कोटा बीएसयूपी कॉलोनी को चाकू लेकर आम लोगों को डराते हुए गिरफ्तार किया है।

## देशी प्लेन शराब का अवैध परिवहन, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** देशी प्लेन शराब का बड़ी मात्रा में परिवहन कर रहे एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सितली नाला शराब दुकान के पास महासमुंद से एक व्यक्ति अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी प्लेन शराब निकाल रहा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी अजय लिंबू पिता महेश बहादुर लिंबू (26 साल) निवासी वार्ड नं 12 लालदाढी पारा महासमुंद के कब्जे से 42 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3360 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने बेमचा शराब भट्ठी से ज्यादा मात्रा में शराब लेकर महासमुंद की ओर आ रहे आरोपी प्रकाश भोई उर्फ निखिल पिता भरत भोई (23 साल) वार्ड नं. 15 महामायापारा महासमुंद के कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2400 रुपए व स्कूटी को बरामद किया। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया।

# अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते चेन माउंटेन एवं हाइवा जब्त

**महासमुंद।** टोल फ्री नंबर से प्राप्त शिकायत के आधार पर मंगलवार को पद्मपुर जिला बरगढ़ ओडिशा से बसना, सरायपाली क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन कर भंडारण करने वालों के विरूद्ध जांच की गई। जिसमें ग्राम खेमड़ा बसना में मनीष वाधवा द्वारा रेत का भंडारण किए जाने की जानकारी मिलने पर मौका निरीक्षण करने पर ग्राम खेमड़ा, बसना में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण किए जाने वाले यूनिट में लगभग 23 हाइवा रेत का भंडारण किया जाना पाया गया। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भंडारित रेत के संबंध में भंडारणकर्ता को नोटिस जारी कर वैध दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तरह ग्राम लिलेशर, बोईरलामी क्षेत्र का औचक जांच निरीक्षण किया गया। जिसमें बोईरलामी (जोंक नदी) में 01 नग चेन माउंटेन मशीन एवं 01 नग हाइवा वाहन को मौके से जब्त कर तेन्दुकोना पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। आगे की कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी। जांच कार्रवाई के दौरान सहायक खनिज अधिकारी देवेंद्र साहू, खनिज निरीक्षक मधुलिका मिंज, सिपाही प्रशांत कालू, मनीष ढीढी, मनोज निर्मलकर मौजूद रहे। खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश ने बताया कि आगे भी जांच कार्रवाई जारी रहेगा।

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार प्रकाशन //**

क्र. / 2890 / तह./ वा./ 2026

कोमाखान, दिनांक 05/06/2026

रा.प्र.क्र. .................... ब/121/ वर्ष 2025-26

ग्राम :- सिमगांव प.ह.न. 25 रा.नि.मं मुनगासेर

तहसीलः- कोमाखान, जिलाः- महासमुन्द

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कन्हैयालाल निषाद पिता अजीराम निषाद जाति केंवट उम्र 56 वर्ष निवासी सिमगांव तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनके पिता अजीराम पिता दुकालु का मृत्यु दिनांक 15.11.1991 को ग्राम सिमगांव में हुआ है। किन्तु आवेदक की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक के पिता अजीराम पिता दुकालु की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) सिमगांव को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) सिमगांव के द्वारा आवेदक के पिता अजीराम पिता दुकालु की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपने पिता अजीराम पिता दुकालु की मृत्यु दिनांक 15.11.1991 घटना पंजीकृत किए जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में पंजीकृत है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 17.06.2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ उजर/ दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 17.06.2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आक्षेप/ उजर/ दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान

# नापजोख से आगे नहीं बढ़ा डीके अस्पताल की बंद दुकानों को वार्ड बनाने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीके अस्पताल में संचालित न्यूरो सर्जरी विभाग में ज्यादा मरीजों के इलाज के लिए बेड बढ़ाने के उद्देश्य से बंद दुकानों को वार्ड बनाने का फैसला नापजोख के बाद आगे नहीं बढ़ पाया है। 6 माह पहले डीके हास्पिटल पहुंचे चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने यहां की अन्य कमियों को दूर करने के साथ बंद दुकानों को रिनोवेट कर मरीजों के इलाज के लिए वार्ड बनाने का फैसला लिया था। डीके अस्पताल में संचालित आठ विभागों के लिए यहां मौजूद करीब चार सौ बेड पर्याप्त नहीं हैं। खासकर न्यूरो सर्जरी और नेफ्रोलॉजी विभाग में



मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से बिस्तरों की संख्या कम पड़ती है। दिसंबर में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त ने हास्पिटल का निरीक्षण किया था। इस दौरान विभिन्न कमियों को सुधारने के साथ काफी सालों से बंद पड़ी दुकानों का उपयोग मरीज हित में करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए बंद दुकानों की जरूरी मरम्मत कर उसे वार्ड बनाकर वहां मरीजों को भर्ती करने पर जोर दिया गया था। सीएमई के जाने के कुछ दिनों बाद सीजीएमएससी के कुछ कर्मचारियों ने आकर इन दुकानों के भीतर और बाहर काफी देर तक नापजोख की थी। इस प्रक्रिया से इस बात का अनुमान लगाया जा रहा था कि जल्दी ही रिनोवेशन की प्रक्रिया शुरू होगी और ज्यादा मरीजों को इलाज का लाभ मिलेगा। नाप जोख करने वाली टीम लौटी, इसके बाद जरूरी मरम्मत के लिए किसी तरह का काम अथवा टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।




**खबर संक्षेप**



## दुर्गा चालीसा का पाठ के साथ हुई महाआरती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में नशामुक्त, मांसाहारमुक्त एवं चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर मां दुर्गा चालीसा पाठ के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी बालचंद चंद्राकर, रंजीत चंद्राकर, हीराबाई चंद्राकर, राजू सेन, परशुराम यादव, लक्ष्मीचंद धीवर, दुलार यादव, द्रोपती यादव, दिलीप सेन, झरना पटेल, तनु निर्मलकर, राधे निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

## कमरे का ताला तोड़कर बाइक की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के इंदिरा कॉलोनी के एक घर का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी ने बाइक की चोरी कर ली।




पुलिस को प्रार्थी मोहित यादव ने बताया कि 09 जून की रात करीबन 9.30 बजे काम से आया और घर के बाहर बरामदा में एक छोटा सा कमरा है जहां उसने मोटर सायकल सीजी 06 जीटी 3088 को लॉक करके रख दिया था। 10 जून की सुबह 6 बजे देखा तो बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने कमरे का ताला को तोडकर चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। बाइक चोरी के दूसरे मामले में शंकर नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार साहू ने रिपोर्ट लिखाई कि उसने 9 जून को दोपहर 2 बजे घर के बाहर मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीबी 7524 को लॉक कर खड़ा किया था। शाम करीब 5 बजे बाहर निकलकर देखा तो मोटर सायकल नहीं था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों ने किए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा विधानसभा खल्लारी क्षेत्र के ग्राम ठकुरीपाली में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम ठकुरीपाली स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरानकार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रहित में उनके निरंतर नेतृत्व



की कामना करते हुए भगवान से प्रार्थना की। पश्चात स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया गया।

पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का संदेश देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा



किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं, जिससे कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। उनके नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक एवं सामरिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसका लाभ आम जनता को सीधे तौर पर मिल रहा है। पटेल ने ग्रामीणों के बीच प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक रखते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।


**समस्या:** पानी की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने जनपद सभापति को सौंपा ज्ञापन

# पेयजल संकट पर फूटा ग्रामीणों का आक्रोश, 7 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- जल संकट से बेहाल तीन गांव, समाधान नहीं तो बसना-पदमपुर मार्ग होगा जाम

जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम पलसापली (अ), परगला एवं कलकसा के ग्रामीणों ने लंबे समय से चली आ रही गंभीर पेयजल एवं निस्तारी जल समस्या के निराकरण की मांग को लेकर क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति प्रकाश सिन्हा को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनों से तीनों गांवों में पेयजल एवं निस्तारी जल का गंभीर संकट बना हुआ है। गांवों के हैंडपंप, नल-जल योजना एवं अन्य जलस्रोत पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, जिसके कारण महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों सहित आम नागरिकों को प्रतिदिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पशुधन के लिए भी पानी की समस्या



विकराल रूप धारण कर चुकी है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि समस्या के समाधान के लिए वे पूर्व में सुशासन तिहार, कलेक्टर जनदर्शन सहित विभिन्न स्तरों पर कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लगातार उपेक्षा के कारण ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश एवं निराशा का माहौल है। ग्रामीणों ने सिन्हा से मांग की है कि वे संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र बैठक आयोजित कराएं तथा समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि 7 दिनों के भीतर समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जाती है, तो ग्रामीण अपने संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर बसना-पदमपुर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करने के लिए भी बाध्य होंगे। ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली समस्त परिस्थितियों की जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी।

इस संबंध में सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल संकट कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि यह वर्षों पुरानी समस्या है, जिस पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत की निधि सीमित होने के कारण कई आवश्यक विकास कार्य प्रभावित होते हैं, फिर भी वे इस गंभीर जनसमस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिन्हा ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक पहल करेंगे तथा क्षेत्र की जनता को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## शोध पत्रिका का तृतीय संस्करण पर्यावरणः संघर्ष, चेतना और समाधान का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में हुआ आयोजन

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 जून 2026 को राजनीति विज्ञान एवं हिंदी शोध केंद्र द्वारा प्रकाशित पत्रिका विषय पर्यावरणः संघर्ष, चेतना और समाधान का विमोचन डॉ. तपेशचंद गुप्ता अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग छग एवं प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे, प्रो.एके प्रधान, प्रो कमलेश वास, डॉ.मनमोहन सतनामी, प्रो.निनाद बोधनकर, प्रो. बीएस ठाकुर, डॉ. पुरुषोत्तम झा, प्रो. शांतनु पॉल, डॉ. सुनीता दुबे, प्रो.माया वर्मा, डॉ. मधु कामरा, डॉ. मोनिका सिंग, डॉ. कविता वैष्णव, डॉ. गिरजा शंकर गौतम के कर कमल से हुआ। यह पत्रिका रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एंड लाइफ साइंसेज सेंटर फॉर रिसर्च स्टडीज की मुख्य शोध पत्रिका मध्य प्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1973 के अंतर्गत पंजीकृत है, जिसका इंपैक्ट फैक्टर 7.0 है। पत्रिका एसएसएन 09373914 है। प्रकाशित शोध पत्रिका खंड 3 पर्यावरणः संघर्ष, चेतना और समाधान में 31 शोध पत्र शामिल है। जिसमें 60 लोगों की सहभागिता है। डॉ अखिलेश शुक्ल मुख्य संपादक, प्राध्यापक समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा मध्यप्रदेश ने हर्ष जताया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक शोधार्थी, अतिथि व्याख्याता के शोध पेपर प्रकाशित है। इस अवसर पर शोध संवर्धन समिति के पत्रिका संपादक डॉ मालती तिवारी शोध निर्देशक राजनीति विज्ञान विभाग, सह संपादक डॉ रीता पांडे शोध निर्देशक कला संकाय अध्यक्ष विभागाध्यक्ष इतिहास, डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख, डॉक्टर दुर्गावती भारती शोध निर्देशक विभागाध्यक्ष हिंदी सहित महाविद्यालय से मनीराम धीवर, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, मनबोध चौहान, डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप कुमार बढ़ाई, दिलीप लहरे, प्रियंका सोनवानी, मुकेश साहू सहित महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी एवं शोधार्थी उपस्थित रहें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्थापित हुआ सुशासन : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी देश में सबसे अधिक काल तक बतौर प्रधानमंत्री सेवा देने वाले पीएम बन गए। बुधवार को इस अवसर पर भाजपाईयों ने इसे ऐतिहासिक दिन के रुप में मनाया। भाजपाजनों ने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास की विजय है। तीसरे कार्यकाल के साथ उन्होंने 4399 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहकर सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाया है।

इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश एवं देशवासियों के प्रति समर्पण भाव प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने 12 वर्ष के कार्यकाल में जनता की सेवा को ही अपना आधार बनाया। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुंचे मोदी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशा के प्रतीक बन चुके हैं। उनके नेतृत्व में अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। देश के 22 राज्यों में भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं, 1700 से अधिक विधायक, लोकसभा में 240 सांसद और राज्यसभा में 113 सांसद करोड़ों देशवासियों के उस विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भाजपा की विकासोन्मुखी राजनीति के प्रति निरंतर मजबूत हुआ है।

### देश की अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। आज, मात्र एक दशक के भीतर, भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज भारत लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है और तेजी से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

### मोदी के कार्यकाल में भारत की वैश्विक छवि हुई मजबूत : रमेश

**महासमुंद।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल कार्यकाल को स्वर्णिम कार्यकाल बताते हुए कहा कि 12 वर्ष का कार्यकाल केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उपलब्धि है।



साहू ने कहा कि बारह वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के साथ ही नरेंद्र मोदी स्वतंत्र भारत के राजनीतिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्रियों में से एक बन गए हैं।

## पीएम मोदी के कार्यकाल में देश का आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति बुनियादी ढांचे का हुआ विस्तार

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में देश का आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए गरीबों का सशक्तिकरण शामिल है।



इसके साथ ही उन्होंने लगातार सबसे लंबे समय तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी बनाया है। पीएम श्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और आज 9 जून 2026 तक उनके कार्यकाल के 4399 दिन पूरे हो गए हैं। अब वे सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। साहू ने कहा कि पीएम मोदी के सफलतम 12 वर्षीय कार्यकाल में जिले के विकास को नई ऊंचाई मिली है। जिले में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए नया मेडिकल कॉलेज निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और कमजोर जनजातीय समूहों के लिए पीएम जन-मन योजना के तहत हजारों गरीबों को पक्के मकान दिए गए हैं। शहर के बहुप्रतिक्षित मांग ओवरब्रिज की सौगात भी मोदी के कार्यकाल की उपलब्धि है। जल संचय जनभागीदारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारत सरकार द्वारा महासमुंद को देशभर में पहला स्थान दिया गया है। आवागमन को आसान बनाने के लिए बेलसोंडा रेलवे फाटक का चौड़ीकरण और निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण प्रगति पर है।

# बृजराज विद्यालय के समर कैंप में बना आकर्षक सेल्फी जोन, बच्चों ने लिया भरपूर आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री शासकीय बृजराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित समर कैंप के अंतर्गत आज बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा आकर्षक सेल्फी जोन का निर्माण किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इसकी सजावट की और खुशी के साथ सेल्फी लेकर अपनी रचनात्मकता का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान डीएमसी रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस एवं एसएमसी अध्यक्ष अशोक नामदेव का विद्यालय आगमन हुआ। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न क्राफ्ट मॉडल, पक्षियों के लिए बनाए गए घोंसलों एवं जलपात्रों का अवलोकन किया तथा उनके कार्यों की सराहना की। अतिथियों ने बच्चों




को पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों के साथ नाश्ता कर आत्मीय संवाद किया। समर कैंप में आयोजित योग एवं जुम्बा गतिविधियों में भी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत योगाभ्यास और जुम्बा प्रदर्शन ने सभी को आकर्षित किया। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित की जा रही है। आगामी दिनों में विभिन्न शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### आप की महासमुंद जोन में बैठक कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आम आदमी पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए पूरे प्रदेश में 9 जून से बैठकें आयोजित की जा रही है। दिल्ली के पूर्व मंत्री, वर्तमान विधायक एवं आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत के आदेशानुसार समस्त विधानसभाओं में प्रतिदिन 2 महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें आयोजित की जाएगी। इन बैठकों का उद्देश्य संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मज़बूती, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद, संगठनात्मक समीक्षा एवं आगामी चुनावी तैयारी को प्रभावी बनाना है। इसी कड़ी में 12 जून से 16 जून तक महासमुंद ज़ोन में बैठकें आयोजित की जाएगी। महासमुंद जोन की सभी बैठकों में विशेष रूप से प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक समीक्षा, मार्गदर्शन तथा आगामी रणनीति पर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। प्रदेश में सभी ज़ोन प्रभारी, सहप्रभारी, लोकसभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी तत्काल कॉलिंग, छोटी बैठकें एवं व्यक्तिगत समन्वय के माध्यम से मज़बूत उपस्थिति और ब्लॉक अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री, जिला पदाधिकारी अपने जिले की प्रत्येक विधानसभा में बैठक की संपूर्ण तैयारी कर रहें हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष और महासमुंद जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर ने बताया कि संगठन विस्तार के कार्यक्रम के तहत महासमुंद जोन में 12 जून को 3 बजे महासमुंद, 13 जून को 10 बजे बसना एवं 3 बजे सरायपाली, 14 जून को 10 बजे छुरा एवं 3 बजे बागबाहरा, 15 जून को 10 बजे सिहावा,1 बजे धमतरी में होगी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सीएचसी तुमगांव में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं एवं उनके साथ आए परिजनों, पतियों के साथ गोसइया सम्मेलन किया गया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था से होने वाली जटिलताओं तथा मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए लोगों को जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम की पहचान के लिए 25 मानदंड निर्धारित किए गए हैं। इन मानदंडों के अंतर्गत आने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन एवं नियमित निगरानी के लिए प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष अभियान संचालित किया



जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को इन विषयों की विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। शिविर में कुल 106 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच भी कराई गई, जिससे गर्भावस्था से संबंधित संभावित जोखिमों की समय पर पहचान और प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान डॉ. निखिल चंद्राकर, डॉ. ज्योति साहू, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र चंद्राकर सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही। स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवारजनों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की।

# 20 ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**महासमुंद।** जिले में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम अंतर्गत 30 जून तक रासायनिक उर्वरकों के सीमित व समझदारी पूर्ण उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड महासमुंद में 5 ग्राम पंचायत, पिथौरा में 10 एवं सरायपाली में 5 कुल 20 ग्राम पंचायत में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषक चौपालों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से भूमि की प्राकृतिक उर्वरता एवं दीर्घकालिक उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती मिशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो पारंपरिक ज्ञान पर आधारित टिकाऊ एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य खेती पद्धति है। कार्यक्रमों में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती के लाभ, हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग, तथा जैविक उत्पादों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई।